न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 95/2025 बउनवानी डी.के. **बनाम** उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी
निवासी 203 II फ्लोर नर्मदा ब्लॉक सरदार हाईटस जिन्नत नगर टीठाल रोड वलसाद गुजरात–396001

GCMS No-2025/ 242 **Appeal Number- 321617308416335**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
17.9.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 26.6.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर *"मुख्य गांव बाढरामसर ग्राम पंचायत हीरापुर विधानसभा क्षेत्र –90 गंगापुर सिटी से संबंधित सभी फाईनल एवं नवीनतम पंचायत चुनाव निर्वाचक नामावली वोटर लिस्ट वर्ष 1993–99 एवं 2024–25 तक की प्रमाणित सूचना"* उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक: आरटीआई/2023/78 दिनांक 8.9.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि चाही सूचना वर्ष 1996,1998,2004,2007,2013,2019 तथा 2024 की मतदाता सूचियों की प्रमाणित प्रतियॉ उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी द्वारा जरिये पत्रांक 71 दिनांक 21.8.2025 से रजिस्टर्ड डाक भिजवायी जा चुकी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 26.6.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी द्वारा अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner